Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to extend the Vistadome Rail Project from Guwahati to Badarpur in Assam.

डॉ. राजदीप राय (सिल्चर) : अध्यक्ष महोदय, नॉर्थ-ईस्ट में एमएफ रेलवे के अधीन विस्टाडोम प्रोजेक्ट की शुरुआत गुवाहाटी से हाफलांग तक हुई है। लेकिन गुवाहाटी से हाफलांग तक का जो रास्ता है, जो टोपोग्राफी है, उसमें प्राकृतिक सौंदर्य उतना ज्यादा नहीं है। अगर ये विस्टाडोम प्रोजेक्ट (ट्रेन) हाफलांग से आगे बदरपुर तक के लिए कर दिया जाता है, तो वहां के नॉर्थ कछार हिल्स और बोराइल रेंज के बीच जितने भी प्राकृतिक सौंदर्य है, जो पैसेंजर्स, विजिटर्स और टूरिस्ट हैं, उन लोगों को वह देखने का मौका मिलेगा।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि जो विस्टाडोम प्रोजेक्ट है, जो गुवाहाटी से हाफलांग तक जाता है, उसको आगे बदरपुर तक बढ़ाया जाए तो बहुत अच्छा होगा। उससे टूरिस्टों को भी फायदा होगा।